BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

Term-End Examination

June, 2007

ELECTIVE COURSE : COMMERCE

ECO-5 : MERCANTILE LAW

Time : 2 hours *Maximum Marks : 50*

Note : *Attempt any **five** questions. All questions carry equal marks.*

1. Define a contract. Explain the essentials of a valid contract in brief. *3+7*

2. Who is competent to contract ? Who are the various persons regarded as incompetent by law to enter into a contract ? *2+8*

3. What are the remedies available to an aggrieved party on a breach of a contract ? Explain any two of them. *3+7*

4. What are the rights of surety against the principal debtor, co-surety and the creditor ? Explain with examples. *10*

5. What do you mean by 'coercion' ? How does it differ from undue influence ? 3+7

6. Is registration of a firm compulsory ? What are the consequences of non-registration of firms ? What are the exceptions to it ? 2+5+3

7. Define a 'condition' and a 'warranty'. Explain implied warranties with examples. 2+2+6

8. Attempt the following problems, giving reasons for your answer : 5+5

   (a) A promised to pay B Rs. 10,000 if he beats C. B beats C. Later A refused to pay the amount. Can B recover the amount from A ?

   (b) A sells the goods to B. B pays to A through a cheque. Before B could obtain the delivery of goods, his cheque has been dishonoured by the bank. A, therefore, refuses to give delivery of the goods until paid. Is A's action justified ?

9. Distinguish between the following : 5+5

   (a) Indemnity and Guarantee contracts

   (b) Void and Voidable contracts

ई.सी.ओ.-5

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2007

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

ई.सी.ओ.-5 : व्यापारिक सन्नियम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. अनुबन्ध की परिभाषा दीजिए । वैध अनुबन्ध के आवश्यक तत्त्वों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए । *3+7*

2. अनुबन्ध करने की क्षमता किसमें है ? ऐसे अन्य व्यक्ति कौन हैं जिन्हें कानून द्वारा अनुबन्ध करने में अक्षम (अयोग्य) माना जाता है ? *2+8*

3. अनुबन्ध भंग होने पर पीड़ित पक्ष को क्या उपचार उपलब्ध हैं ? उनमें से किन्हीं दो की व्याख्या कीजिए । *3+7*

4. गारंटीकर्ता के मूलऋणी, सहगारन्टीकर्ता तथा लेनदार के विरुद्ध अधिकार क्या हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *10*

5. 'बल प्रयोग' से आप क्या समझते हैं ? यह अनुचित प्रभाव से किस तरह भिन्न है ? 3+7

6. क्या फर्म का पंजीकरण अनिवार्य है ? फर्मों का पंजीकरण न कराने के क्या परिणाम हैं ? इसके क्या अपवाद हैं ? 2+5+3

7. 'शर्त' तथा 'आश्वासन' की परिभाषा दीजिए । निहित आश्वासनों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । 2+2+6

8. निम्नलिखित समस्याओं का कारण सहित उत्तर दीजिए : 5+5

(क) A 10,000 रु. B को देने का वचन देता है यदि वह C की पिटाई कर देता है । B, C की पिटाई कर देता है । परन्तु बाद में A पैसा देने से इन्कार कर देता है । क्या B, A से पैसा वसूल कर सकता है ?

(ख) A ने B को माल बेचा । B एक चैक के द्वारा A का भुगतान कर देता है । B द्वारा माल की सुपुर्दगी लेने से पहले चैक बैंक द्वारा अनादृत हो जाता है । A जब तक उसका भुगतान नहीं होता B को माल की सुपुर्दगी देने से इन्कार कर देता है । क्या A द्वारा यह कार्य न्यायोचित है ?

9. निम्नलिखित के बीच अन्तर बताइए : 5+5

(क) क्षतिपूर्ति तथा गारंटी अनुबन्ध

(ख) व्यर्थ तथा व्यर्थनीय अनुबन्ध